त्वरित मार्गदर्शिका: California मतदाता पंजीकरण/पूर्व-पंजीकरण आवेदन

एक मतदाता पंजीकरण/पूर्व-पंजीकरण आवेदन कार्ड (मतदाता पंजीकरण कार्ड) भरते समय, कृपया सुनिश्चित करें कि आप नीले या काले रंग की स्याही का प्रयोग करते हुए साफ-साफ लिखें। यदि आप निम्न में से कोई एक हैं, तो मतदाता पंजीकरण कार्ड भरें:

- एक नए मतदाता,
- मतदान करने के लिए पूर्व-पंजीकरण करने वाले व्यक्ति,
- आपने अपना नाम बदला है,
- आपने अपना घर बदला है, या
- आप अपनी राजनैतिक पार्टी की पसंद या अपने मतदाता रिकॉर्ड में किसी अन्य जानकारी को बदलना चाहते हैं।

आप RegisterToVote.ca.gov पर ऑनलाइन मतदान करने के लिए पंजीकरण या पूर्व-पंजीकरण भी कर सकते हैं।

भाग 1 - योग्यताएँ

आप मतदान करने के लिए पंजीकरण कर सकते हैं, यदि:

- आप संयुक्त राष्ट्र के एक नागरिक हैं और CA निवासी हैं, और
- आप चुनाव के दिन तक 18 वर्ष या इस से अधिक आयु के हो जाएँगे।

*यदि आपकी आयु 16 या 17 वर्षों की है, तो आप मतदान करने के लिए पूर्व-पंजीकरण कर सकते हैं।

भाग 2 - आपका कानूनी नाम

आपको अपनी निम्न जानकारी प्रदान करनी होगी:

1) पहला नाम,
2) मध्य नाम, यदि हो, और
3) अंतिम नाम (किसी प्रत्यय के सहित, जैसे कि जूनियर, सीनियर, III)।

भाग 3 - पहचान

आपको अपनी निम्न जानकारी प्रदान करनी होगी:

1) जन्म तिथि,
2) CA ड्राइवर लसंस या CA ID कार्ड संख्या,
3) आपके SSN के अंतिम 4 अंक, यदि आपके पास हो, और,
4) जन्म के अमरीकी राज्य या विदेश का नाम।

भाग 4 - आपका पता, जहाँ पर आप रहते हैं

आप P.O. का प्रयोग नहीं कर सकते। इस भाग के लिए बक्सा # आपको आवश्यक रूप से अपनी निम्न जानकारी प्रदान करनी होगी:

1) घर का पता, लागू होने पर अपार्टमेंट या ईकाई संख्या के सहित,
2) शहर,
3) ज़िप कोड, और
4) California काउंटी।

यदि आपका कोई स्ट्रीट पता नहीं है, तो आप उस स्थान का बिल्कुल सटीक पता दे सकते हैं, जहाँ आप रहते हों। क्रॉस स्ट्रीट, रूट, इत्यादि शामिल करें।

भाग 5 - डाक पता

यदि आपका डाक पता अलग है, तो उसे यहाँ भरें।
आप P.O. का प्रयोग कर सकते हैं। आपके डाक पते के रूप में बक्सा #।

भाग 6 - पंजीकरण इतिहास

पंजीकरण इतिहास भाग को भरें। यदि आप पहले से पंजीकृत थे। आप अपनी निम्न जानकारी देंगे:

1) पूर्ण कानूनी नाम,
2) पूर्व पता, और
3) पूर्व राजनैतिक पार्टी प्राथमिकता (यदि कोई हो।)

भाग 7 - डाक द्वारा मतदान करें

- यदि आप "हाँ" पर सही का निशान लगाते हैं, तो आपको प्रत्येक चुनाव से पहले डाक द्वारा अपना मतपत्र प्राप्त हो जाएगा लेकिन, यदि आप स्वयं वहाँ जाकर मतदान करना चाहते हैं तो आपको अपने पोलिंग स्थान पर मतदान करने के लिए अपने मतपत्र को वापिस करना होगा या आपको अस्थायी रूप से मतदान करना पड़ सकता है।
- यदि आप "नहीं" पर सही का निशान लगाते हैं, तो आप पोलिंग स्थान पर चुनाव के दिन मतदान करेंगे (यदि आपकी काउंटी मतदान केंद्रों का प्रयोग न करे)।

भाग 8 - राजनैतिक पार्टी प्राथमिकता

आप निम्न राजनैतिक पार्टियों में से किसी एक का चयन कर सकते हैं:

- अमरीकी स्वतंत्र पार्टी
- डेमोक्रेटिक पार्टी
- ग्रीन पार्टी
- लिबरटेरियन पार्टी
- शांति एवं स्वतंत्रता पार्टी
- रिपब्लिकन पार्टी
- या अन्य कोई, जिसे आपको लिखना होगा

यदि आप किसी राजनैतिक पार्टी का चयन नहीं करना चाहते, तो आप "कोई पार्टी नहीं/कोई नहीं" बक्से पर सही का निशान लगा सकते हैं।

- यदि आप इस विकल्प का चयन करते हैं, तो आप किसी राष्ट्रपति पद के प्राथमिक चुनाव या पार्टी की केंद्रीय समिती में किन्हीं राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों को मतदान नहीं दे पाएँगे।

VOTE CALIFORNIA
www.sos.ca.gov

भाग 9 - वैकल्पिक मतदाता जानकारी

आप अपना ईमेल और फोन नंबर शामिल कर सकते हैं।

आप निम्न भाषाओं में चुनाव सामग्री प्राप्त करने के लिए अपनी भाषा की प्राथमिकता का चयन कर सकते हैं:

- अंग्रेज़ी
- स्पेनी
- चीनी
- हिन्दी
- जापानी
- खमेर
- कोरियाई
- तागालोग
- थाई
- वियतनामी
- अन्य भाषा: ___________

यदि किसी बक्से पर निशान न लगाया जाए, तो मतदान सामग्रियाँ अंग्रेज़ी भाषा में प्रदान की जाएँगी।

आप एक एक्सेसीबल फॉरमेट में मतदान सामग्रियाँ का आवेदन करने वाले बक्से का भी चयन कर सकते हैं।

आप एक पोल कर्मचारी बनने के बक्से का भी चयन कर सकते हैं।

आप अपनी नस्ल/जाति भी शामिल कर सकते हैं।

भाग 10 - शपथपत्र

आपको आवश्यक रूप से अपने पंजीकरण को पूर्ण करने के लिए लाल बक्से पर हस्ताक्षर करने और तिथि लिखनी होगी।

हस्ताक्षर करते समय, आप शपथ ले रहें और इस बात की पुष्टि कर रहे हैं कि आप:

1) एक अमरीकी नागरिक और California निवासी हैं और कम से कम 16 वर्ष की आयु के हैं।
2) वर्तमान में किसी अपराध के जुर्म में किसी स्टेट या फेडरेल कारागार में या पैरोल पर नहीं हैं।
3) किसी कोर्ट द्वारा मतदान करने के लिए मानसिक रूप से अयोग्य नहीं पाए गए हैं।
4) समझते हैं कि जानबूझ कर कार्ड पर गलत जानकारी प्रदान करना एक अपराध है।
5) California स्टेट के कानूनों के तहत झूठी शपथ के दंड के अधीन यह घोषणा करते हैं कि कार्ड पर दी गई जानकारी सच और सही है।

कार्ड के नीचे - नीला बक्सा

यदि किसी व्यक्ति ने आपकी कार्ड को भरने या डिलीवर करने में सहायता की है, तो नीचे दाहिनी तरफ के नीले बक्से को आपकी सहायता करने वाले व्यक्ति द्वारा भर कर हस्ताक्षरित किया जाना चाहिए।

भरे जाने पर

- फाड़ें और निचले भाग को अपनी रसीद के रूप में रखें और इसे तब तक संभाल के रखें जब तक आपको अपने काउंटी के चुनाव अधिकारी की तरफ से एक नोटिस नहीं प्राप्त होता।
- अपने मतदाता पंजीकरण कार्ड को मोड़ें और सील करने के लिए टेप लगाएँ। कार्ड को स्टेपल न करें।

संयुक्त राष्ट्र में डाक किए जाने पर पोस्टेज की आवश्यकता नहीं है।

महत्वपूर्ण जानकारी

ऑनलाइन अपने मतदाता पंजीकरण की जाँच करें:
https://voterstatus.sos.ca.gov

घर पर सुरक्षित

यदि अपने पते को सांझा कर के आप अपने जीवन को जोखिम में डाल रहे हो सकते हैं, तो आप गोपनीय ढंग से मतदान करने के लिए पंजीकरण करने के योग्य हैं।

अधिक जानकारी के लिए, घर पर सुरक्षित प्रोग्राम से संपर्क करें।

घर पर सुरक्षित:

(877) 322-5227

ऑनलाइन:
SafeAtHome.sos.ca.gov

चुनाव के बारे में जानकारी के लिए, कृपया www.sos.ca.gov, पर जाएँ या कॉल करें:

English - (800) 345-VOTE (8683)

Español / Spanish - (800) 232-VOTA (8682)

中文 / Chinese - (800) 339-2857

हिन्दी / Hindi - (888) 345-2692

日本語 / Japanese - (800) 339-2865

ខ្មែរ / Khmer - (888) 345-4917

한국어 / Korean - (866) 575-1558

Tagalog/Tagalog - (800) 339-2957

ภาษาไทย / Thai - (855) 345-3933

Việt ngữ / Vietnamese - (800) 339-81633

यदि आप को लगता है कि आप चुनाव धोखाधड़ी के शिकार हैं, तो आप हमारे दफ्तर में उल्लंघन की सूचना देने के लिए चुनाव मतदान शिकायत फॉर्म का प्रयोग कर सकते हैं। यदि आपके कोई प्रश्न हों तो, आप स्टेट दफ्तर के सचिव के साथ यहाँ पर संपर्क कर सकते हैं:
अंग्रेज़ी: (916) 657-2166 या (800) 345-VOTE (8683) • स्पेनी: (800) 232-VOTA (8682)